दामोदर घाटी निगम

DAMODAR VALLEY CORPORATION

डी. वी. सी. टावर्स, वी. आई. पी. रोड, कोलकाता - 700 054
DVC Towers, VIP Road, Kolkata-700 054

दूरभाष : 2355-7935/6965
फैक्स : (033) 2355-1252
ई-मेल : chairman@dvc.gov.in
Phone : 2355-7935/6965
Fax : (033) 2355-1252
E-mail : chairman@dvc.gov.in

पत्र संख्या पीएस/सीएचएन/3/226 02 मई, 2022

सेवा में,

डॉ. निशिकांत दुबे,

माननीय संसद सदस्य (लोकसभा),

18, गुरूद्वारा रकाब गंज रोड,

<u>नई दिल्ली - 110001</u>

विषय : <u>डीवीसी द्वारा देवघर जिला को बिजली आपूर्ति करने के संबंध में।</u>

श्रद्धेय महोदय,

उपर्युक्त संदर्भ में आप द्वारा प्रेषित पत्र दिनांक – 19.04.2022 के संबंध में यह सादर सूचित करना है कि **डीवीसी एक्ट 1948** के तहत डीवीसी अपने कमांड एरिया में बिजली की आपूर्ति कर रहा है। कमांड एरिया के बाहर बिजली आपूर्ति करने के लिए संबंधित राज्य सरकार की अनुमति प्राप्त करना अपेक्षित है। इस संदर्भ में डीवीसी द्वारा **झारखण्ड राज्य सरकार को पत्रांक दिनांक 09/11/2021 एवं 12/01/2022** के द्वारा **आग्रह** किया गया था कि हमें कमांड एरिया के बाहर बिजली आपूर्ति करने की अनुमति प्रदान की जाए।

इसके जवाब में हमें **झारखण्ड सरकार से एक पत्र दिनांक 26.04.2022 को प्राप्त** हुआ है जिसमें उन्होंने पायलट प्रोजेक्ट के तहत सर्वप्रथम गिरिडीह जिले के अंदर सभी तरह के उपभोक्तओं को बिजली प्रदान करने की सैद्धांतिक सहमति प्रदान की है। परंतु कमांड एरिया के बाहर बिजली प्रदान करने की अनुमति अभी तक हमें प्राप्त नहीं हुई है।

आपसे सादर अनुरोध है कि आप भी इस दिशा में राज्य सरकार को उचित पहल करने का अनुरोध करें ताकि हमें कमांड एरिया के बाहर बिजली प्रदान करने की अनुमति जल्द से जल्द मिल सके। इस बीच हमने अपने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया है कि डीवीसी के निकटतम सब-स्टेशन से देवघर जिले को बिजली प्रावधानित करने की कार्ययोजना के बारे में सर्वेक्षण कर एक रिपोर्ट यथाशीघ्र प्रस्तुत करें।

सादर सूचनार्थ,

भवदीय,

2/5/22

(राम नरेश सिंह)